उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 24.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



# MAHOBA POLICE

## Meticulous Investigation & Prosecution

**लापरवाहीपूर्ण तरीके से वाहन चलाने वाले आरोपी अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 02 हजार रु. के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित...।**



श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप जे0एम0 कोर्ट कुलपहाड़ महोबा द्वारा लापरवाहीपूर्ण तरीके से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित किये जाने से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 2000/- रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

**विवरण निम्नवत है:-**

थाना कुलपहाड़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 1880/2010 धारा- 279/338 भादवि से सम्बंधित आरोपी अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र कन्हैयालाल निवासी मोहल्ला राजावार्ड कस्बा व थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा को न्यायालय उठने तक की सजा व 2000/- रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।



महमूदुर रहमान,
सहायक अभियोजन अधिकारी



कां. राहुल,
पैरोकार थाना कुलपहाड़

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 24.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा मे पंजीकृत मु0अ0सं0 116/25 धारा 137(2)/87 BNS से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त राहुल अनुरागी पुत्र गोपाल अनुरागी उम्र 23 वर्ष निवासी अठगांव थाना मझिगवा जनपद हमीरपुर को रेलवे स्टेशन महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी बजरिया थाना कोतवाली नगर महोबा
2. का0 आमिर खान 3. म0का0 पूजा

### गिरफ्तार अभियुक्त -

राहुल अनुरागी पुत्र गोपाल अनुरागी उम्र 23 वर्ष नि0 अठगांव थाना मझिगवा जनपद हमीरपुर



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 24.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी, टोलीवार निरीक्षण एवं ड्रिल करायी गयी, रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित कर अनुशासन एवं स्वच्छता का पढाया पाठ –

आज दिनांक- 24.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई। परेड उपरांत टोलीवार निरीक्षण एवं अनुशासन हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों की शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के लिए दौड़ भी आयोजित की गई।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन महोबा में जनरल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस बल की गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को रेखांकित करते हुए अनुशासन, एकरूपता, स्वच्छ एवं सही ढंग से वर्दी धारण करना, परिसर की स्वच्छता बनाए रखना जैसे मूलभूत बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि एक उत्तरदायी पुलिस कर्मी न केवल अपने कार्यों से बल्कि अपने आचरण एवं व्यक्तित्व से भी समाज में विश्वास का प्रतीक होता है।

परेड के बाद अर्दली रूम कार्यवाही के दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक/आरआई महोबा श्री शिवकुमार को निर्देशित किया गया कि वे चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकताओं के दृष्टिगत परेड ग्राउंड एवं सम्पूर्ण पुलिस लाइन परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के साथ-साथ अन्य कमियों का अवलोकन कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराएं, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न आने पाए।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा काकून मंदिर में लगने वाले मेले का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

जनपद महोबा में आषाढ़ माह में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र श्री काकून मंदिर (रिवई, चरखारी) में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को लगने वाले मेले में बड़ी संख्या में जनपद व आसपास के जिलों से श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक- 24.06.2025 को क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड द्वारा काकून मेले का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने मेले में तैनात पुलिस बल की तैनाती व्यवस्था, बैरियर व्यवस्था, मार्गों की स्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण कर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली या अन्य मालवाहक वाहनों का उपयोग कदापि न करें, क्योंकि पूर्व वर्ष की एक दुर्घटना में थाना खरेला क्षेत्र में ट्रॉली पलटने से 3 श्रद्धालुओं की मृत्यु और कई घायल हो गए थे।

इस बार ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु सभी मार्गों पर बैरियर एवं चेकिंग प्वाइंट्स बनाए गए हैं।

श्रद्धालुओं से अपील है कि वे केवल सुरक्षित यात्री वाहनों का ही प्रयोग करें और पुलिस प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन कर सुरक्षित दर्शन का लाभ लें।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 24.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा थाना चरखारी में एसडीएम चरखारी की मौजूदगी में आगामी मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक- 24.06.2025 को आगामी मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत थाना चरखारी परिसर में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड एवं SDM चरखारी की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति बैठक आयोजित की गई। जिसमें थानाक्षेत्र अन्तर्गत कस्बा चरखारी, सूपा, गौरहरी क्षेत्र के समस्त ताजियेदारों, आयोजकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

बैठक में उपस्थित जनों को शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई तथा सभी से उनके कड़ाई से पालन करने की अपील की गई। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि त्योहार एवं जुलूसों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में आमजन प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त नगर पालिका, बिजली विभाग, जलकल विभाग, अग्निशमन विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने स्तर से आवश्यक तैयारियाँ समय से पूर्ण करने एवं सतर्कता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।




